# अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में दिनांक 06.08.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 06.08.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई, जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) व टी.पी.आई से QA/QC उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा प्रस्तुत प्रगति विवरण पुस्तिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–3 में कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड को कुल 615 ओवर हेड टैंक (OHT) का निर्माण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसके सापेक्ष अब तक उनके द्वारा कुल 363 ओवर हेड टैंक (OHT) निर्मित किये गयें हैं तथा माह जुलाई में मात्र 12 ओवर हेड टैंक (OHT) निर्मित किये गयें हैं जो संतोषजनक नहीं है। बैठक में उपस्थिति संस्था के परियोजना प्रबंधक को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि वह ओवर हेड टैंक (OHT) के निर्माण में अपेक्षित प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई ।)**

2. समीक्षा बैठक में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि जनपद हरदोई में माह जुलाई 2025 में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर कुल 1194 शिकायतें दर्ज पाई गई जिस पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया है जिससे यह प्रतीत होता है कि जनपद की कार्यदायी संस्था तथा जल निगम ग्रामीण के फील्ड स्टाफ क्षेत्र में भ्रमणशील नहीं रहते हैं। बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि अपने पंप ऑपरेटर तथा फील्ड स्टाफ को निर्देशित करें कि वह अपने–अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रह कर जनसमस्याओं को मौके पर ही निस्तारित करें तथा जल निगम ग्रामीण के अवर अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि वे भी अपने–अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर जनसमस्याओं का निस्तारण मौके पर ही कराते रहे जिससे जनता को शिकायत हेतु आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर शिकायत करने का मौका न मिले अन्यथा उनके वेतन रोकने की कार्यवाही करनी पड़ेगी।

**(कार्यवाही– अवर अभियन्ता जल निगम ग्रामीण एवं परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई ।)**

3. समीक्षा बैठक में उपस्थित जिला परियोजना प्रबंधन इकाई के जिला समन्वयक व आई.एस.ए. /आई.ई.सी. समन्वयक तथा बैठक में उपस्थित इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसियों के प्रतिनिधियों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि आई.एस.ए. एवं आई.ई.सी. द्वारा कराये गये कार्यों के

भुगतान प्रेषण के पूर्व स्वामी विवेकानन्द सभागार में होने वाले कार्यों का दो–दो घंटे का PPT (PowerPoint Presentation) जी.पी.एस. फोटोग्राफ्स के साथ लाकर प्रस्तुतीकरण करने पर ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 को जलापूर्ति की जा रही ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में जल मूल्य वसूली हेतु भी विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही– जिला समन्वयक, आई.एस.ए. / आई.ई.सी. कोआर्डिनेटर जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई, तथा समस्त आई.एस.ए. संस्थाएं हरदोई।)**

Digitally signed by
ANUNAYA JHA
Date: 14-09-2025
23:15:05

(अनुनय झा)
जिलाधिकारी
हरदोई।

## कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

पत्रांक 16071 / का०-70/533 दि० 15/9/25 दिनांक:

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
5. जिला समन्वयक, आई.एस.ए. / आई.ई.सी. कोआर्डिनेटर डी0पी0एम0यू0, हरदोई को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेशित।

जिलाधिकारी
हरदोई।